# वरिष्ठ साहित्यकार पाटीदार को बाल साहित्य पुरस्कार से नवाजेंगे

डूंगरपुर| वागड़ के वरिष्ठ साहित्यकार भोगीलाल पाटीदार को बाल नाट्य कृति



भोगीलाल पाटीदार

पंखे रूवां नी पीड़ पर इस वर्ष का राजस्थानी भाषा का बाल साहित्य पुरस्कार देने की घोषणा साहित्य अकादमी ने की। पाटीदार जिले के चुंडावाड़ा सीमलवाड़ा के निवासी हैं। उन्होंने वागड़ी और हिंदी भाषा में अब तक 8 पुस्तकें लिखी हैं। घोषित पुरस्कार में उनकी नाट्य कृति में पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव और वन्यजीवों पर आई विपरीत परिस्थितियों को मार्मिक ढंग से दर्शाया गया है। इससे पहले उन्हें राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर से शिवचंद भारतीय सम्मान और आगीवाण सम्मान मिल चुके हैं। वागड़ क्षेत्र से यह साहित्य अकादमी दिल्ली का चौथा पुरस्कार है। पुरस्कार चयन समिति में दमयंती जड़ावत, प्रो. कल्याण सिंह शेखावत और डॉ. नवजोत भनोत शामिल रहे।